सूचना संख्या 2026/255

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

Accredited with A++ Grade by NAAC

एकलव्य परिसर/EKALAVYA CAMPUS

सिपाई पारा, लेम्बुचेरा, पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा

SIPAI PARA, LEMBUCHERRA, WEST TRIPURA, TRIPURA

दिनांक-20/11/2026

मुख्यालय (विद्यावारिधि) के ई-मेल दिनांक 19/11/2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की शोधच्छात्रा श्रीमती माम्पी दास की पूर्व निर्धारित विद्यावारिधि वाक्परीक्षा (Ph.D. Viva-Voce), जो पूर्व में दिनांक 27/11/2026 को आयोजित होने वाली थी, अब संशोधित कार्यक्रमानुसार दिनांक 01/12/2026 को अपराह्न 3:00 बजे से 4:30 बजे तक मिश्रित (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उक्त परीक्षा के दौरान परिसर के समस्त विभागीय प्राध्यापकों एवं शोधच्छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। परिसर के अन्य विभागों के प्राध्यापकों एवं आचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति भी इस शैक्षणिक आयोजन हेतु सादर प्रार्थित है। सम्बन्धित शोधच्छात्रा को अधिकतम 10 मिनट की पी.पी.टी. प्रस्तुति (PPT Presentation) हेतु आवश्यक तैयारी के साथ नियत समय से पूर्व कक्ष संख्या-116 में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया जाता है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि समय सारणी के अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

20/11/2026

(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी)

निदेशक

निदेशक/Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय/Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला/Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. संबंधित शोध मार्गदर्शक, प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति, निदेशक आईक्यूएसी, के. सं. वि., मुख्यालय, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ।
2. डॉ. सुकान्त मान्ना, अतिथि शिक्षक, व्याकरणशास्त्र विद्याशाखा एवं शोध सह-समन्वयक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला आवश्यक व्यवस्था एवं संयोजन हेतु।
3. परिसर के समस्त विभागाध्यक्ष (HoD) एवं प्राध्यापकगण।
4. तकनीकी सहायक को परिसर की आधिकारिक वेबसाइट/व्हाट्सएप समूह में (प्रसारार्थ) एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु।
5. संबंधित शोधच्छात्रा, (श्रीमती माम्पी दास)।
6. सूचना पट्ट (Notice Board)।
7. संबंधित संचिका।